आकाशवाणी शिमला

25.6.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रधानमंत्री–आपातकाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1975 के आपातकाल का विरोध करने वाले महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह दिन याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को कुचल दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। इस बीच केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि 25 जून, 1975 वह दिन है, जब आपातकाल लगाने के कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक रूप से प्रेरित फैसले ने देश के लोकतंत्र के स्तंभों को हिला दिया था और संविधान को कुचलने की कोशिश की थी।

मौन जुलूस

इधर आपातकाल के विरोध में भाजपा ने आज प्रदेश भर में मौन जुलूस निकाले। शिमला में निकाले गए मौन जुलूस में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। सुरेश भारद्वाज ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सदस्यता बर्खास्त होने पर मंत्रिमंडल की सलाह के बिना ही 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपा था और भाजपा इस दिन को हर वर्ष काले दिवस के रूप में मनाती है। उन्होंने आपातकाल की अवधि को भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा बताया।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में डेढ़ सौ से अधिक हत्या जबकि 3 सौ अधिक दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार न्यायिक परिसरों में गोलियां चलने के मामले सामने आए हैं और राज्य सरकार इसे रोकने के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टे सहित अन्य मादक द्रव्यों के मामले भी प्रदेश में लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस सरकार इसे रोकने में नाकाम रही है। विपक्ष के नेता ने कहा कि भाजपा ने कानून व्यवस्था के गम्भीर मुद्दे को जन–जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि भाजपा विपक्ष की भूमिका निभाने में नाकाम रही है और भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन विधायकों को खरीद कर राज्यसभा सदस्य बने हैं। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि हर्ष महाजन प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कर रहे हैं लेकिन किसी के बोलने मात्र से ही राष्ट्रपति शासन नहीं लग जाता। पंचायती राज मंत्री कहा कि कांग्रेस सरकार मजबूत है और अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान को तोड़ने व उसका मज़ाक बनाने की भाजपा की आदत बन गई है और तीन निर्दलीय विधायकों से भी भाजपा ने ही इस्तीफा दिलवाया है।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों में वन अधिकार अधिनियम के तहत लोगों को वन भूमि पर जल्द मालिकाना हक मिलेगा। केलंग में आज अधिकारियों के साथ एक बैठक के बाद उन्होंने बताया कि ये अधिनियम जनजातीय लोगों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है और मालिकाना हक देने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस

कानून के तहत लोगों को 50 बीघा जमीन का मालिकाना हक देने का प्रावधान है और लोगों का उस जमीन पर वर्ष 2005 से पहले का कब्जा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले अधिनियम के तहत सरकारी भूमि पर बने लोगों के मकानों को नियमित किया गया है। नेगी ने अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम से जुड़े मामलों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

वित्त आयोग

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद पनगढ़िया ने आज प्रदेश की वित्तीय आवश्यकताओं और अन्य मुद्दों को लेकर धर्मशाला इलाके का दौरा किया। विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने उनका धर्मशाला पहुंचने पर स्वागत किया। पठानिया ने वित्त आयोग के अध्यक्ष को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बारे में जानकारी दी और उन्हें पर्यटन विकास की सम्भावनाओं से अवगत कराया।

लारजी डैम

लारजी जल विद्युत परियोजना प्रबंधन द्वारा गाद निकालने के लिए 30 जून को सुबह 6 बजे से पहली जुलाई को सुबह 6 बजे तक लारजी बांध के सभी गेट खोले जाएंगे। मंडी के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मदन कुमार ने लोगों से इस दौरान लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे न जाने की अपील की है।